रोहित गोदारा गैंग का शूटर अभिषेक अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार

पुलिस को चकमा देने के लिए घाघरा-लूगड़ी पहनकर ग्रामीण महिला के वेश में फरार होने की कोशिश में था आरोपी

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। जिला पुलिस कोटपूतली-बहरोड़ ने संगठित अपराधों के खिलाफ एक निर्णायक प्रहार किया है। पुलिस ने 25 हजार के ईनामी और रोहित गोदारा गैंग के सक्रिय शूटर अभिषेक उर्फ बटार को गिरफ्तार किया है। अपराधी पुलिस से बचने के लिए ग्रामीण महिला का वेश घाघरा-लूगड़ी धारण कर भागने की कोशिश कर रहा था।

पुलिस अधीक्षक देवेंद्र बिश्नोई ने बताया कि कोटपूतली थाने के एक गंभीर मामले में वांछित यह कुख्यात अपराधी गिरफ्तारी के डर से वेश बदलकर बहरोड़ में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था। पुलिस की क्यूआरटी टीमों ने आसूचना संकलन के आधार पर सटीक कार्रवाई की।

गिरफ्तारी के समय पुलिस ने अभिषेक उर्फ बटार के कब्जे से 3 देशी पिस्टल, 12 ज़िंदा कारतूस और एक अतिरिक्त मैगज़ीन सहित भारी मात्रा में अवैध हथियार बरामद किए हैं। एसपी विश्नोई ने बताया कि

- **पुलिस ने शूटर अभिषेक उर्फ बटार के कब्जे से 3 देशी पिस्टल, 12 ज़िंदा कारतूस और एक अतिरिक्त मैगज़ीन सहित भारी मात्रा में अवैध हथियार बरामद किए हैं।**

गिरफ्तार अभियुक्त अभिषेक उर्फ बटार पुत्र पप्पू राम गुर्जर (21) निवासी मोलाहेड़ा थाना पनियाला का आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ विभिन्न पुलिस थानों में 8 गंभीर प्रकृति के मामले पहले से ही दर्ज हैं। पुलिस थाना बहरोड़ में उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट और बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत नया मामला दर्ज किया गया है। इस महत्वपूर्ण गिरफ्तारी में क्यूआरटी कोटपुतली के कांस्टेबल मनोज कुमार और क्यूआरटी बहरोड के कांस्टेबल बलदेव की विशेष भूमिका रही, जिनकी सतर्कता और त्वरित कार्रवाई के चलते गैंगस्टर को दबोचा जा सका।

होटल में बंधक बनाकर नाबालिग से दुष्कर्म

जयपुर। कोतवाली इलाके में नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि परिचित युवक जलमहल दिखाने के बहाने बहला-फुसलाकर नाबालिग को बाइक पर बैठाकर ले गया और धोखे से होटल में ले जाकर बंधक बनाकर दुष्कर्म किया। इस संबंध में थाने में नाबालिग पीड़िता की मां ने आरोपित परिचित के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने बताया कि कोतवाली की रहने वाली महिला ने मामला दर्ज करवाया है कि परिचित युवक ने उसकी नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म किया। परिचित होने के कारण आरोपी का घर पर आना-जाना था। आरोप है कि 18 अक्टूबर को दोपहर आरोपित घर आया था। घर से बहला-फुसलाकर नाबालिग बेटी को जलमहल दिखाने के बहाने साथ लेकर गया था। धोखे से एक होटल में ले जाकर रूम में बंधक बनाकर जबरदस्ती करने लगा। विरोध करने पर मारपीट कर जबरन दुष्कर्म किया।

जयपुर रेलवे स्टेशन से तांत्रिक ने किया कॉलेज छात्रा का अपहरण

जयपुर। सदर थाना इलाके में स्थित रेलवे स्टेशन से तांत्रिक ने कॉलेज छात्रा का अपहरण कर फरीदाबाद ले गया। वहां एक कमरे में बंधक बनाकर लड़की के परिवार को जान से मारने की धमकी देकर जबरन सुसाइड लिखवाया। उसके बाद घरवालों को वॉट्सऐप पर सुसाइड नोट शेयर करवाया। तांत्रिक, लड़की पर शादी का दबाव बना रहा था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

जांच अधिकारी एसआई मुकेश कुमार ने बताया कि 20 वर्षीय कॉलेज छात्रा हरियाणा की रहने वाली है। वह अपनी फ्रेंड्स के साथ दीपावली पर घर जा रही थी। जयपुर रेलवे स्टेशन के गेट नंबर-3 से लड़की अचानक गायब हो गई। उसका मोबाइल भी स्विच ऑफ मिला। इसके बाद लड़की की फ्रेंड्स ने पुलिस को सूचना दी। हरियाणा में उसके परिवार को भी बताया।

पुलिस ने कॉलेज छात्रा की फोटो और मोबाइल नंबर लेकर तलाश की। लापता कॉलेज छात्रा के घरवालों ने भी तुरंत जयपुर आकर थाने में गुमशुदगी दर्ज करवाई। पुलिस ने मोबाइल लोकेशन और सीडीआर निकालकर कॉलेज छात्रा की तलाश में टीम को रवाना किया। पुलिस की टीम कॉलेज छात्रा को ढूंढते हुए फरीदाबाद पहुंची और एक मकान के कमरे से उसे ढूंढ निकाला। पुलिस टीम कॉलेज छात्रा को फरीदाबाद से जयपुर ले आई।

पीड़ित ने एक कथित तांत्रिक के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है वह अपनी सहेलियों के साथ घर जाने के लिए जयपुर रेलवे स्टेशन पर पहुंची थी। इस दौरान कथित तांत्रिक जयपुर रेलवे जंक्शन पहुंच गया। डरा-धमकाकर जबरन उसका अपहरण कर फरीदाबाद ले जाकर उसे एक कमरे में बंद कर दिया। पीड़ित स्टूडेंट का आरोप है कि कथित तांत्रिक उसके ही गांव का रहने वाला है। वह गांव में तंत्र-विद्या और अनुष्ठान करता है। घर की समस्याओं के चलते गांव के लोगों ने कथित तांत्रिक से पूजा पाठ कराने की सलाह दी थी। अनुष्ठान के लिए कथित तांत्रिक ने उसके घर पर आना-जाना शुरू कर दिया। उसने घरवालों को उसके ऊपर प्रेत आत्मा का साया बताया था। साया उतारने का उपाय बताकर दो-तीन बार उसे बुलाया। मां तांत्रिक के कहे अनुसार उसे उसके पास लेकर गई थी। उसके बाद भी वह कहता था कि अभी पूरा इलाज नहीं हुआ है। कमरे में बंधक बनाकर धमकाया।

सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी सदर) धर्मवीर सिंह ने बताया कि पीड़ित कॉलेज छात्रा को सुरक्षित ढूंढ कर जयपुर ले आए हैं। कथित तांत्रिक की तलाश में पुलिस टीम लगी हुई है। जल्द ही आरोपित कथित तांत्रिक को राउंडअप कर लिया जाएगा।

जेल के भीतर फेंका पार्सल

जयपुर। लाल कोठी थाना इलाके में स्थित जयपुर सेंट्रल जेल में सख्ती के बाद भी जेल प्रहरियों के पास सामान मिलने का सिलसिला जारी है। सर्च के दौरान जेल प्रहरी को वार्ड नंबर 8 की मेन दीवार के बीच में एक पार्सल मिला। पार्सल में एक हल्के रंग की टेनिस बॉल मिली। टेनिस बॉल को काट कर खोला गया तो उसमें 2 नग पताका, 502 बीडी और कुबेर जर्दे की पुडिया मिली। सेंट्रल जेल प्रहरी ज्योति जांगिड़ ने थाने में मामला दर्ज करवाया है कि उन्हें सर्च तलाशी के दौरान बॉल के अंदर बीडी और जर्दा मिला।

सार-समाचार

ब्रिगेडियर भवानी सिंह को श्रद्धांजलि

जयपुर। सीकर रोड स्थित भवानी निकेतन परिसर में दीपावली स्नेह मिलन समारोह को आयोजन किया गया। स्नेह मिलन समारोह में सभी ने एक-दूसरे को दीपावली की बधाई देते हुए अपना-अपना परिचय दिया और किसी प्रकार की जाने-अनजाने में गलती या किसी का दिल दुखाया हो तो उसके लिए क्षमा याचना की गई। सुदर्शन सिंह सुरपुरा, सचिव ने बताया कि इस दौरान महाराजा ब्रिगेडियर भवानी सिंह जी (महावीर चक्र) की जयन्ती के अवसर पर स्नेह मिलन में उपस्थित सभी महानुभावों द्वारा उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। स्नेह मिलन में उपस्थित सरदारों द्वारा भवानीसिंह जी के कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि भवानीसिंह जी एक मात्र ऐसे व्यक्ति है जिन्होंने भारतीय सेना में सेवाभाव से नौकरी करते हुए मात्र एक रुपये मासिक तनख्वा पर अपनी अमूल्य सेवाएं देश को प्रदान की। उनको सेवानिवृत्ति के पश्चात् श्रीलंका युद्ध अभियान में विशेष सेवाओं के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गाँधी द्वारा बुलाया गया और सेवानिवृत्ति पश्चात् ब्रिगेडियर की उपाधि से सम्माननीत किया गया। उनके कुशल नेतृत्व में 1971 की जंग में पाकिस्तान लड़ा गया छाछरो का युद्ध इतिहास में प्रसिद्ध है। स्नेह मिलन समारोह में राजपूत सभा से रामसिंह चन्दलाई, अध्यक्ष, धीरसिंह शेखावत, महासचिव, प्रतापसिंह राणावत, उपाध्यक्ष, भवानी निकेतन से जालिमसिंह आसपुरा, संरक्षक, शिवपालसिंह नांगल, नगेन्द्रसिंह बगड़, अध्यक्ष, महेन्द्रसिंह जैसलाण, उपाध्यक्ष, जालिमसिंह हुड़िल, संयुक्त सचिव, श्यामसिंह मण्ढा, कोषाध्यक्ष, दिलीपसिंह छापोली, गुलाबसिंह मेड़तिया, सम्पतसिंह धमोरा, दहेज विरोधी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष गणपतसिंह राठौड़ सहित बड़ी संख्या में गणमान्य महानुभावों ने भाग लिया।

बाइक फिसलने से तीन लोगों की मौत

जयपुर। जयपुर ग्रामीण जिले के जमवारामगढ़ थाना इलाके में मंगलवार को बाइक फिसलने से एक ही परिवार के तीनों की मौत हो गई। जिसमें पति-पत्नी और भतीजी शामिल है और वहीं दो अन्य लोग गंभीर घायल हो गए। पांचों एक ही बाइक पर सवार थे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों और मृतकों को अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के अनुसार हादसा अस्थल मोड़ के पास हुआ था। जमवारामगढ़ थानाधिकारी सीता यादव ने बताया कि हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। जहां ख्वारानीजी (जमवारामगढ़) मातादीन (30) पुत्र जगदीश जोगी, उनकी पत्नी मनीषा देवी (26) और अनुष्का (4) पुत्री मुकेश की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं लक्की (23) पुत्र पूरणमल और सेवाग (22) पुत्र सूंडाराम गंभीर घायल हो गए। दोनों को सीएचसी जमवारामगढ़ में प्राथमिक इलाज के बाद जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल रेफर कर दिया गया। दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी लोग खवारानीजी गांव से लोडीपुरा पावटा की ओर जा रहे थे। इस दौरान रास्ते में अस्थल घुमाव पर उनकी बाइक अचानक फिसल गई। जिससे यह हादसा हो गया। इधर घटना की जानकारी मिलते ही विधायक महेंद्र पाल मीणा भी उपजिला अस्पताल जमवारामगढ़ पहुंचे और हादसे की विस्तृत जानकारी लेकर मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। विधायक ने अधिकारियों से कहा कि घायलों के परिवार को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाए। इस दर्दनाक घटना के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर फैल गई।

दो बाइक की भिड़ंत में युवक की मौत

जयपुर। जयपुर शहर के श्याम नगर थाना इलाके में स्थित मानसरोवर स्टेशन के पास सोमवार की मध्यरात्रि को दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई,जबकि दूसरा घायल हो गया। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद गलत दिशा से आ रहा दूसरा बाइक सवार युवक टक्कर मारकर मौके से फरार हो गया। लेकिन बाइक वहीं छोड़ गया। फिलहाल पुलिस ने क्षितग्रस्त दोनों बाइक को जब्त कर जांच शुरू कर दी है। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। मामले की जांच पड़ताल सड़क दुर्घटना थाना दक्षिण कर रही है। सड़क दुर्घटना थानाधिकारी दक्षिण ने बताया कि हादसे में टोंक मालपुरा के मोहल्ला शहादत निवासी वसीम अकरम (35) की मौत हो गई। जो चार दरवाजा क्षेत्र में रहकर मोबाइल शॉप चलाता था। बताया जा रहा है कि दीपावली पर अपने गांव मालपुरा जिला टोंक गया हुआ था। सोमवार को वसीम अकरम बाइक पर अपने साथी सैयद मुनीर अहमद के साथ वापस जयपुर लौट रहा था। इसी बीच सोमवार रात दोनों बाइक से मानसरोवर मेट्रो स्टेशन के पास पास पहुंचे ही थे। इस दौरान अचानक गलत दिशा से आ रहे बाइक सवार ने उनकी बाइक को सामने से टक्कर मार दी। आमने-सामने की भिड़ंत होने पर दोनों बाइक सवार रोड पर गिरकर लहूलुहान हो गए। हालांकि टक्कर मारने वाला युवक मौके पर क्षितग्रस्त बाइक को छोड़कर भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल वसीम अकरम और सैय्यद मुनीर को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां इलाज के दौरान वसीम को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल सैयद मुनीर का गंभीर हालत में प्राइवेट अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने जयपुरिया अस्पताल में मृतक वसीम का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस टक्कर मारने वाले बाइक सवार युवक की तलाश कर रही है।

प्रताड़ित 7 बच्चे कब्रिस्तान में छिपे

जयपुर। भट्टा बस्ती थाना इलाके में एक चूड़ी कारखाने से प्रताड़ित होकर सात बच्चे भागकर कब्रिस्तान में छिप गए। स्थानीय लोगों ने कब्रिस्तान में सात बच्चों को डरा हुआ देख पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही पुलिस और चाइल्ड वेलफेयर कमेटी (सीडब्ल्यूसी) की टीम मौके पर पहुंची। पूछताछ में सामने आया कि उन्हें समसाद मिया दो महीने पहले गांव से जयपुर घूमने के बहाने लाया था। यहां आने पर उन्हें एक कमरे में बंद कर चूड़ी बनाने के काम में झोंक दिया गया। उनके साथ जानवरों जैसा व्यवहार किया जाता था। उन्हें 18-20 घंटे काम करना पड़ता और दिन में एक बार खाना दिया जाता था। समसाद चूड़ी फैक्ट्री का मालिक है, यह बच्चे उसी की फैक्ट्री में काम करते थे।

एलपीजी टैंकर को ट्रक ने मारी टक्कर

जयपुर। दौलतपुरा इलाके में स्थित टोल के पास खड़े एलपीजी टैंकर को एक ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि टक्कर इतनी भीषण थी कि गैस टैंकर के पीछे लगे बम्पर टूट गए। ट्रक का केबिन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त होने से ड्राइवर फंस गया। फायर बिग्रेड कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर ड्राइवर को केबिन से बाहर निकाला और निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। थानाधिकारी सुनील गोदारा ने बताया कि दीपावली के दिन सोमवार सुबह दौलतपुरा टोल से 200 मीटर पहले गैस का टैंकर खड़ा था। टैंकर को पीछे से एक ट्रक ने टक्कर मार दी। गैस टैंकर की सुरक्षा के लिए लगाए गए सभी बंपर क्षितग्रस्त हो गए। बंपर की टक्कर से ट्रक की स्पीड काफी कम हो गई वरना बड़ा हादसा हो सकता था। गैस टैंकर गुजरात से दिल्ली की तरफ जा रहा था। ट्रक ड्राइवर नींद में था। फायरमैन मौके पर पहुंचे मौके पर हालात काबू में लिए।

दीपावली की रात 2 दर्जन जगहों पर लगी आग

जयपुर (कासं)। रोशनी का त्योहार दीपावली सोमवार 20 अक्टूबर को धूमधाम से मनाया गया। जहां शाम बाद से ही जयपुर शहर दीयों की रोशनी से सज गए और वातावरण में पटाखों की आवाज सुनाई देने लगी। लोगों ने पूरे उत्साह के साथ दिवाली पर पूजा के साथ जमकर आतिशबाजी का भी भरपूर आनंद लिया।

इसके चलते राजधानी जयपुर में पटाखों से आग लगने की लगभग दो दर्जन से ज्यादा घटनाएं हुईं। आग बुझाने के लिए देर शाम से लेकर रात भर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां सड़कों पर दौड़ती रही। वहीं दीपावली के त्यौहार को ध्यान रखते हुए फायर ब्रिगेड की ओर से पूरे इंतजाम किए थे। लेकिन कुछ स्थानों पर फायर ब्रिगेड को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। शहर में सबसे ज्यादा आग लगने की घटनाएं खाली प्लाट व कचरे में लगने की सामने आई है। अधिकांश जगह आग लगने की वजह पटाखा सामने आया है।

सीएफओ गौतम लाल ने बताया कि दीपावली की देर रात तक आग लगने की कम-से-कम दो दर्जन घटनाएं होने की सूचना मिली। जिसके चलते जयपुर शहर में दमकल की पूरी टीम अलर्ट रही और तमाम फायर ऑफिसर और असिस्टेंट फायर ऑफिसर भी मुआयना करते रहे। आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल टीमें क्विक रिस्पॉन्स करते हुए मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू किया। अग्निशमन कर्मचारियों की मुस्तैदी की वजह से कोई हताहत नहीं हुआ। सीएफओ गौतम लाल के अनुसार जयपुर के वैशाली, गांधी पथ, कांवटिया सर्किल, बगरू वाले रास्ता, बालाजी टावर, प्रताप नगर, विवेक विहार, जय सिंह पुरा खोर, त्रिवेणी नगर, विद्याधर नगर, कालवाड़, धर्म कांटा, कालवाड, मोरिंजा, वीकेआई और झोटवाड़ा इलाके में आग लगी थी। जहां सूचना मिलते ही दमकलकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग को काबू में किया।

100 से अधिक घायल अस्पताल पहुंचे

जयपुर। दीपावली पर जयपुर के सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज से अटैच अस्पतालों में विशेष इंतजाम किए गए हैं। बीते दो दिनों में दीपावली के मौके पर बड़ी संख्या में लोग घायल होकर एसएमएस अस्पताल और ट्रॉमा सेंटर पहुंचे। इस दौरान यहां अस्थमा के 60 से 70 मरीज पहुंचे। जिनमें से 10 से 15 गंभीर अस्थमा के मरीजों को अस्पताल में भर्ती किया गया। वहीं अन्य मरीजों को उपचार के बाद भेज दिया गया। इसी के साथ अस्पताल में पटाखे से आंखें जलने का मामला सामने आया है।

सवाई मानसिंह अस्पताल के अधीक्षक डॉक्टर मृणाल जोशी ने बताया कि दीपावली का पर्व राजधानी जयपुर में पांच दिन मनाया जाता है तो ऐसे में पूरे पांच दिन एसएमएस अस्पताल और ट्रॉमा सेंटर को अलर्ट मोड पर रखा गया है। बीते दो दिनों में बड़ी संख्या में लोग घायल होकर एसएमएस अस्पताल और ट्रॉमा सेंटर पहुंचे हैं, जिनमें से कुछ मरीजों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। जबकि कुछ मरीजों को अस्पताल में भर्ती किया गया है।

सवाई मानसिंह अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार बीते दो दिन में सौ से अधिक घायल होकर लोग अस्पताल में पहुंचे हैं। जिनमें 19 अक्टूबर को 14 मरीज अस्पताल पहुंचे, जिनमें से 3 मरीजों को भर्ती किया गया है। बाकी अन्य मरीजों को छुट्टी दे दी गई है। जबकि 20 अक्टूबर को 99 मरीज घायल होकर पहुंचे। जिनमें से 20 मरीजों को अस्पताल में भर्ती किया गया है। जिसमें 53 मरीज ऐसे थे, जिनकी आंखें बारूद और आतिशबाजी के कारण घायल हो गई। हालांकि एसएमएस अस्पताल प्रशासन ने दीपावली से पहले ही आपातकालीन सेवाओं को सुदृढ़ करते हुए बर्न वार्ड, अस्थमा, न्यूरोलॉजी और ट्रोमा सेंटर में विशेष व्यवस्था कर ली थी। जिससे घायलों और मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। अस्पताल अधीक्षक के अनुसार दीपावली पर बर्न और एक्सीडेंट केस ज्यादा आने की संभावना के चलते इन यूनिट में विशेष व्यवस्था की गई थी। साथ ही इमरजेंसी में भी बर्न केस देखने वाले डॉक्टर्स को लगाया गया था।

कम्पनी के कर्मचारी ने ही चुराई थी एक किलो चांदी

विधायकपुरी पुलिस ने आरोपी से पौने 2 लाख रु. की चांदी जब्त की



गिरफ्तार आरोपी फैजान अली

जयपुर। विधायकपुरी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक किलो चांदी की चोरी करने वाले चोर को गिरफ्तार किया है और साथ ही चोरी गई करीब पौने दो लाख रुपये की चांदी भी बरामद की है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित ने चांदी चोरी कर कंपनी से भाई की शादी के लिए छुट्टी मांग कर माल को लेकर उत्तर प्रदेश जाने वाला था। इस दौरान पुलिस टीम ने पकड़ लिया। फिलहाल आरोपी से पूछताछ कर रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि विधायकपुरी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक किलो चांदी की चोरी करने वाले फैजान अली निवासी मुगलपुरा उत्तर प्रदेश हाल जालूपुरा जयपुर हाल कर्मचारी अरुण सिग्नेचर स्टोर गवर्नमेंट हॉस्टल को गिरफ्तार किया है और उसके पास से चुराई गई चांदी भी बरामद की है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित ने अपने भाई की शादी में गांव जाने के लिए छुट्टी लेने वाला था तथा चोरी की गई चांदी भाई की शादी में काम में लेने वाला था। थानाधिकारी बनवारी लाल ने बताया कि 18 अक्टूबर को अंतरा पाबुवाल ने मामला दर्ज करवाया है कि उसकी अरुण सिग्नेचर नाम से कंपनी-फर्म है जिसमें पीतल के बर्तनों पर चांदी की परत चढ़ाई जाती है और फर्म में करीब 10-15 कर्मचारी काम करते हैं। कंपनी में काम करने वाला कर्मचारी फैजान की ओर से कंपनी से चांदी चोरी कर ली। जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना स्थल के आस पास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले एवं कंपनी में काम करने वाले कर्मचारी फैजान अली व अन्य से पूछताछ की गई। फैजान से की गई पूछताछ से उसका व्यवहार एवं बर्ताव संदिग्ध प्रतीत होने पर उस से गहनता से पूछताछ की गई। पुलिस पूछताछ के बाद सामने आया कि उसी ने कंपनी अरुण सिग्नेचर स्टोर गवर्नमेंट हॉस्टल जयपुर से चांदी चोरी की। चांदी के कुल 7 पतरे कुल वजन 998 ग्राम (करीब एक किलो चांदी) चोरी की गई थी।

उत्साह और उमंग के साथ मनाया दीपावली का पर्व

जयपुर। सौभाग्य और समृद्धि का प्रतीक प्रकाश पर्व दीपावली सोमवार को उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। सुबह से ही पूरे शहर में दीपोत्सव का उल्लास देखने को मिला। घरों के द्वार पर बंदनवार और तोरण सजाए गए। रात होते-होते ऐसा लगा मानो तारे जमीन पर उतर आए हों। राजधानी के घर-आंगन, चौक-चौराहे, बाजार और प्रतिष्ठान दीपों और रंग-बिरंगी लाइटों से आलोकित हो उठे। भगवान श्रीराम के 14 वर्ष के वनवास के बाद अयोध्या आगमन की स्मृति में दीप जलाए गए। बिजली की झालरों से शहर के बाजार जगमगा उठे। माता महालक्ष्मी, भगवान गणेश और मां सरस्वती का विधिवत पूजन कर जयपुरवासियों ने सुख-समृद्धि और उज्जवल भविष्य की कामना की। पंचदिवसीय दीपोत्सव का उल्लास पूरे शहर में छाया रहा। चारदीवारी का चांदपोल बाजार, छोटी चौपड़, बड़ी चौपड़, जौहरी बाजार, त्रिपोलिया, चौड़ा रास्ता, हवामहल बाजार, किशनपोल बाजार, गणगौरी बाजार, एमआई रोड थीम बेस्ड रोशनी से जगमगा रहे थे। रोशनी देखने के लिए लोग उमड़ पड़े। लोगों ने घर पर मां लक्ष्मी, भगवान गणेश और सरस्वती की पूजा-अर्चना की। घरों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों में भी शुभ मुहूर्त में पूजन कर दीप जलाए गए। नाहरगढ़ किले से पूरा जयपुर रोशनी से दमकता नजर आया।

पत्नी का गला घोंटकर पति ने खुद को भी लगाई फांसी

-कार्यालय संवाददाता-

- **आगरा रोड पर जामडोली क्षेत्र की घटना**

जयपुर। जामडोली थाना इलाके में घरेलू विवाद और शक के चक्कर में पति ने पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद खुद ने फांसी का फंदा लगाकर अपनी जान दे दी।

बेटा जब मंदिर से वापस लौटा तो उसके पिता कमरे में पंखे से लटके मिले, जबकि मां की लाश घर में फर्श पर पड़ी मिली। सूचना पर पुलिस और फोरेंसिक टीम पहुंची और मौके से साक्ष्य इकट्ठा किए।

थानाधिकारी जामडोली प्रहलाद नारायण ने बताया कि पुलिस कंट्रोल रूम से जानकारी मिली थी कि एक मकान में दो शव हैं। इस पर टीम मौके पर पहुंची। मौके पर मृतकों का बच्चा मिला, जिसने मकान खोला था।

बच्चे ने बताया कि वह गोविंद देव मंदिर में दर्शन के लिए गया था। घर पर लौटा तो मां फर्श पर और पिता पंखे से लटके मिले। दोनों के बीच झगड़ा रहता था। दोनों एक दूसरे पर शक किया करते थे। पुलिस ने बेटे से मिली रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर दोनों के शवों को एसएमएस मुर्दाघर में रखवाया गया। मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कर शव परिजनों के हवाले कर दिया गया। मृतक की पहचान दाउदयाल (51) और बबीता (46) के रूप में हुई है।

कॉलोनी के लोगों का भी कहना है कि दोनों पति-पत्नी के बीच झगड़ा होता रहता था। दोनों एक दूसरे पर शक किया करते थे। मौके से पुलिस टीम और एफएसएल को साक्ष्य मिले हैं। इससे पता चला है कि दाउदयाल ने पहले पत्नी की गला दबाकर हत्या की। फिर खुद पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली।

पुलिस टीम और फोरेंसिक विशेषज्ञों ने जांच के लिए घटनास्थल से नमूने लिए हैं। बेटे के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

जेवर-नकदी लूटकर फरार हुई दुल्हन

जयपुर। भांकरोटा इलाके में लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवरात सहित नकदी लेकर एक दुल्हन भाग निकली। जानकारी मे सामने आया कि शादी के बाद करीब एक महीने तक नई नवेली दुल्हन ससुराल में रही और फिर झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर पांच लाख रुपए की मांग रखी। इस संबंध में थाने में पीड़ित दूल्हे ने लुटेरी दुल्हन और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने बताया कि भांकरोटा के रहने वाले 36 साल के युवक ने मामला दर्ज करवाया है कि उसके भाई के पड़ोस में रहने वाले दंपती ने धर्म की बहन बताकर शादी की बात की थी। गरीब परिवार की कुंवारी लड़की के माता-पिता की मौत होना बताकर शादी खर्च उठाने की कहकर रिश्ता करवाया था। जुलाई-2025 में परिजन-रिश्तेदारों की मौजूदगी में उनकी शादी हो गई। शादी के बाद दुल्हन को लेकर वह घर आ गया। आरोप है कि शादी के बाद घर आते ही परम्परा बताकर विवाह के एक महीने तक शारीरिक संबंध बनाने से मना कर दिया। छूने की कोशिश करने पर मिर्गी का दौरा आने का नाटक करती। घरेलू कामकाज करने का दबाव बनाने पर झूठे केस में फंसाने की धमकी देती। अगस्त माह को अलमारी के लॉकर में रखे सोने-चांदी के जेवरात, 1.90 लाख रुपए और कपड़े और सामान चोरी कर ले गई। इसके बाद पुलिस की शरण ली।

25 श्रेणियों में दिए प्रतिष्ठित सवाई जयपुर अवार्ड्स

जयपुर। ब्रिगेडियर महाराजा सवाई भवानी सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में बुधवार शाम को प्रतिष्ठित वार्षिक पुरस्कार समारोह "सवाई जयपुर अवॉर्ड्स 2025" का आयोजन सिटी पैलेस के प्रीतम चौक में किया गया। जहां पूर्व राज परिवार की सदस्य राजमाता पद्मिनी देवी, उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी, महाराजा सवाई मान सिंह द्वितीय संग्रहालय ट्रस्ट के चेयरमैन सवाई पद्मनाभ सिंह, प्रिंसेस गौरवी कुमारी और धर्म गुरूओं के मंच पर आने के साथ कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ। ये पुरस्कार मानवता सेवा, हैरिटेज संरक्षण, चिकित्सा, परम्परागत शिल्प सहित 25 विभिन्न श्रेणियों में प्रदान किए गए।

समारोह में उत्कृष्ट सामाजिक सेवाओं के लिए राजा दूल्हा राय अवॉर्ड राजस्थान महिला कल्याण मंडल, अजमेर; संस्कृति क्षेत्र का राजा काकिल देव अवॉर्ड जुन्ही हान; मेडिसिन क्षेत्र में उत्कृष्टता का राजा पजवन देव अवॉर्ड डॉ. हेमंत मल्होत्रा; पारंपरिक शिल्प के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए राजा भगवंत दास अवॉर्ड मीनाक्षी राठौड़; बहादुरी के लिए राजा मान सिंह प्रथम अवॉर्ड शहीद सूबेदार प्रभात गौड़; सशस्त्र बलों में विशिष्ट सेवा के लिए मिर्जा राजा जय सिंह प्रथम अवॉर्ड कर्नल देब चंदन दास को प्रदान किया गया। पारिस्थितिकी व पर्यावरण सुधार के लिए मिर्जा राजा राम सिंह प्रथम अवॉर्ड श्री सत्यभान सिंह; ट्रैवल एवं टूरिज्म विकास के लिए महाराजा विशन सिंह अवॉर्ड से सीता को नवाजा। एस्ट्रोनॉमी एवं संबंधित विज्ञान के क्षेत्र में महाराजा सवाई जय सिंह द्वितीय अवॉर्ड डॉ. वीरेंद्र नाथ शर्मा; पत्रकारिता क्षेत्र में महाराजा सवाई ईश्वरी सिंह अवॉर्ड धर्मेंद्र झा; समाज सेवा के लिए महाराजा सवाई माधो सिंह प्रथम अवॉर्ड रिटायर्ड आईएएस सुनील अरोड़ा, साहित्य एवं शिक्षा का महाराजा सवाई प्रताप सिंह अवॉर्ड राजेंद्र सिंह खंगारोत; आर्ट, पेंटिंग एवं स्कल्पचर क्षेत्र का महाराजा सवाई जगत सिंह अवॉर्ड राजेंद्र मिश्रा; फोटोग्राफी के लिए एचएच महाराजा सवाई राम सिंह द्वितीय अवॉर्ड दिनेश डाबी; थियेटर, फिल्म एवं टेलीविजन क्षेत्र एचएच महाराजा सवाई माधो सिंह द्वितीय अवॉर्ड अभिषेक मुद्गल को दिया गया। इसी प्रकार खेल श्रेणी में संदीप सिंह मान; एमएसएमएस द्वितीय म्यूजियम ट्रस्ट और जेपीसीटी में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए मोबत सिंह नाथावत; परफॉर्मिंग आर्ट के क्षेत्र में उत्कृष्टता का अवार्ड आर.डी. गौड, महिला उत्कृष्टता का पुरस्कार डॉ. माया टंडन; व्यापार-उद्योग के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल को दिया गया।

हत्या की योजना बनाकर डकैती डालने वाले दबोचे

जयपुर। जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ट्रांसपोर्ट नगर थाना इलाके में कार्रवाई कर हत्या की योजना बनाकर डकैती की वारदात को अंजाम देने वाले पांच बदमाशों को धर-दबोचा है और उनके पास से तीन अवैध देशी कट्टे व पन्द्रह जिंदा कारतूस बरामद किए गए है।

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि हत्या की योजना बनाकर डकैती की वारदात को अंजाम देने वाले रामनाथ ,उदयभान उर्फ गब्बर , रामभान ,संतोषी उर्फ भूरा और रामकुमार उर्फ फंककाटा को गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपित करौली जिले के रहने वाले है। जिनके पास से तीन अवैध देशी कट्टे व पन्द्रह जिंदा कारतूस जब्त किए गए है। इसके अलावा एक लग्जरी कार व एक ऑटो भी बरामद किया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व संजीव नैन ने बताया कि वारदात को अंजाम देने के लिए आरोपी संतोषी उर्फ भूरा ने अपराध के स्थान की रैकी कर जानकारी प्राप्त करके अपने साथियों के साथ योजनाबद्ध तरीके से हत्या को अंजाम देकर डकैती करना चाह रहे थे। आरोपी त्यौंहार का समय देखकर वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। आरोपित संतोषी रिक्शा चलाते हुए दिन में रैकी कर गया था।